**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 27.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की सफलता पर द्वीपों के उपराज्यपाल ने पर्यटन निदेशक को प्रशंसा प्रमाणपत्र सौंपा–इस अवसर पर वीडियो का पूर्ण संस्करण भी जारी किया गया।
2. पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग जून माह में टीकाकरण अभियान के 33वें दौर की शुरुआत करेगा।
3. समाज कल्याण विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
4. राजकीय पुस्तकालय में समर बुक फेस्ट 30 मई तक चलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से स्वराज द्वीप में पानी के भीतर फहराया गया सबसे बड़ा झंडा और उसके अगले दिन पानी के भीतर सबसे ऊंचा मानव स्टैक बनाने के दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की सफलता पर द्वीपों के उपराज्यपाल ने सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक विनायक चमाड़िया, को तत्काल प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की थी। यह सम्मान उन्हें इन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स कार्यक्रमों के सफल संचालन के साथ–साथ इनके निर्बाध नियोजन और त्रुटिहीन कार्यान्वयन के प्रति उनके सूक्ष्म व समर्पित प्रयासों की मान्यता में दिया गया। कल लोक निवास में आयोजित एक औपचारिक समारोह में, उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव, अंडमान निकोबार पुलिस और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन निदेशक को प्रशंसा प्रमाणपत्र सौंपा। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने इन दोनों गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से संबंधित आधिकारिक वीडियो का पूर्ण संस्करण भी जारी किया। इन दोनों वीडियो के लिंक अलग से जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से जून के पहले सप्ताह से खुरपका–मुँहपका रोग के खिलाफ व्यापक टीकाकरण अभियान के 33वें दौर की शुरुआत की जाएगी। पशुधन स्वास्थ्य और रोग

नियंत्रण कार्यक्रम के तहत यह अभियान जून माह में दक्षिण अंडमान के विभिन्न गाँवों में चलाया जाएगा। इस अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभाग ने वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में 11 विशेष टीकाकरण टीमों का गठन किया है।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 25–दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी ने कल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल के सामने हेरिटेज योग सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम लोगों को द्वीपसमूह की समृद्ध विरासत से जोड़ने के साथ–साथ समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में योग के महत्व को रेखांकित करता है। इस योग सत्र में कुल 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम आयुष अस्पताल की चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. नंदिनी के पर्यवेक्षण और योग प्रशिक्षकों के सहयोग से आयोजित किया गया।

<><><><><><>

कृषि विभाग ने यूटी आत्मा के सहयोग से, सब्जी और बागवानी फसलों में मिलीबग के प्रकोप के प्रबंधन और नियंत्रण पर किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए द्वीप समूह के विभिन्न ब्लॉकों में संवेदीकरण कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और प्रदर्शनों का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के हिस्से के रूप में, दशरथपुर पंचायत में प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान, किसानों को मिलीबग के प्रकोप के प्रभावी प्रबंधन और पर्यावरण–अनुकूल खेती के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जैविक बायो–इनपुट्स तैयार करने और उनके उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग द्वीप समूह के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए एडिप और आरवीवाई योजना के अंतर्गत सहायक उपकरणों के वितरण हेतु दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करेगा। समग्र क्षेत्रीय केन्द्र, पीएमडीके, आर्टिफ़िशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के समन्वय से आयोजित इन शिविरों का आयोजन पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण और संबंधित सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए उनके मूल्यांकन और पहचान की सुविधा हेतु किया जा रहा है। शिविर 22 जून से सुबह 9 बजे से द्वीपों के विभिन्न चिकित्सा केन्द्रों पर आयोजित किए

जाएंगे। मूल्यांकन शिविर में आने वाले लाभार्थियों से अपना यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र, और आधार कार्ड साथ लाने को कहा गया है। आरवीवाई योजना के तहत आने वाले 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपना आधार कार्ड और 15 हजार रुपये से कम मासिक आय दर्शाने वाला आय प्रमाण पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी या संबंधित सीडीपीओ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

राजकीय पुस्तकालय में समर बुक फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। फेस्ट का यह पहला चरण 30 मई तक चलेगा। इस उत्सव का उद्घाटन कल नोडल अधिकारी अर्चना सिंह द्वारा विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं और साहित्यिक गतिविधियों के साथ किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देना, किताबों और साहित्य के प्रति प्रेम जगाना है। इस अवसर पर, नोडल अधिकारी ने छात्रों को फेस्ट के दौरान आयोजित होने वाली बौद्धिक रूप से प्रेरित करने वाली और रचनात्मक रूप से समृद्ध करने वाली विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की ओर से लिटिल अंडमान में जन–संपर्क यात्रा के दौरान हटबे बाज़ार में जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर, दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष पीएचटी उम्मर, जिला परिषद सदस्य ए. उम्मर, असंगठित श्रमिक एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष एस. तेजेश्वर राव, यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष अभिभूषण घोष और क्षेत्र के अन्य स्थानीय नेता उपस्थित थे। इस बैठक में लिटिल अंडमान के कल्याण और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों पर भी चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते पार्टी अध्यक्ष ने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार करने, स्वास्थ्य व शैक्षिक सेवाओं को बेहतर बनाने, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अन्य नेताओं ने भी जनसभा को संबोधित किया।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षण संस्थान, गाराचरमा में 2–वर्षीय डी.एल. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पहली जून से कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 जून की मध्यरात्रि तक रहेगी। आवेदन पत्रों की जांच 22 से 28 जून तक चलेगी। अस्थाई योग्यता सूची उनतीस जून को सीसीएपी पोर्टल और डाइट के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी।

<><><><><><><>

ब्रुक्शाबाद स्थित समग्र क्षेत्रीय केन्द्र की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में थेरेपी, सीखने की क्षमता, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्मियों की छुट्टियों के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी और कौशल–उन्मुख ग्रीष्मकालीन शिविर गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इस दौरान सीआरसी ने गैर सरकारी संगठन पंख के सहयोग से हैड्डो में दिव्यांग बच्चों के लिए एक हाइड्रोथेरेपी सत्र का आयोजन किया। साथ ही ब्रेल, एबैकस, टेलर फ्रेम और ओरिएंटेशन व मोबिलिटी पर एक 10–दिवसीय प्रमाणपत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया गया।

<><><><><><><>